अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास- **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थी
लक्ष्मणराम		सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

T.T.R. बिलाडा
375
23/5/25

प्रकरण संख्या :- 206/2025

-::आदेश::- **दिनांकः-** 13/5/25

प्रार्थी **लक्ष्मणराम** पुत्र श्री **लाबूराम** जाति **जाट** निवासी **पिचियाक** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम **पिचियाक** की जमाबंदी संवत् 2073 **से** 2076 के खाता सं. 642 के खसरा नंबर 976/520 में दर्ज अशुद्ध नाम **लिछमणराम पुत्र लाबुराम** जाति **जाट** निवासी **पिचियाक** का शुद्ध नाम **लक्ष्मण राम** पुत्र श्री **लाबूराम** जाति **जाट** निवासी **पिचियाक** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाडा